डॉ. सौम्या गुर्जर ने ली निर्माण शाखा के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

नगर निगम ग्रेटर महापौर ने 30 मई तक नाला सफाई के दिए निर्देश

मुख्य मार्गों की रेड लाइट पर आमजन को गर्मी से बचाव हेतु ग्रीन नेट लगाई जाएगी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मिटिंग हॉल में निर्माण शाखा से संबंधित कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें वार्डो में किये जा रहे विकास कार्यों के सम्बध में चर्चा की गई।

बैठक में नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड सभी जोन, मुख्यालय के अधिशाषी अभियंता मौजूद रहे। बैठक में महापौर ने प्रत्येक वार्ड में कराये गये 50-50 लाख के विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट ली। इसके साथ ही तिलक नगर सामुदायिक केन्द्र के कैम्पस में उपलब्ध खाली भूमि पर अत्याधुनिक ऑडिटेरियम बनाये जाने, निगम मुख्यालय के कैम्पस गार्डन एरिया में ट्रिपल बेसमेन्ट पार्किंग बनाये जाने, यूएलबी क्लब निर्माण, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अटल स्मृति उद्यान, अटल क्लब बनाने, 8 वर्ष के आयु के बच्चों के लिए एक्सक्लूसिव चिल्ड्रन पार्क विकसित करने के संबंध में सबंधित अधिकारी से जानकारी ली, तथा शीघ्र ही कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिये।

महापौर ने बताया की गर्मी को देखते हुए रेड लाइट पर ग्रीन नेट लगाया जाये जिससे आमजन जो कि रेड लाइट पर खड़े होकर इंतजार करते है उन्हे परेशान नही होना पडे। इसके साथ ही परिण्डे भी लगाया जावें, जिससे पक्षियों को गर्मियों दाना-पानी मिल सके। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को 30 मई तक का नाला सफाई का टारगेट दिया, तथा नाला सफाई के बाद नालों को ढकने, फैरों कवर लगाने के भी निर्देश दिये।

सांगानेर खुली जेल से दो बंदी भागे

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। मालपुरा गेट थाना इलाके में स्थित सांगानेर खुली जेल से दो बंदियो के भागने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि फरार कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। रोल—कॉल करने पर जेल प्रशासन को बंदियो के फरार होने का पता चला। जेल प्रशासन की ओर से फरार कैदियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कैदियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि डॉ. संपूर्णानंद बंदी खुला शिविर के जेल प्रहरी ने मामला दर्ज करवाया है कि फरार कैदी सद्दाम और मोहनलाल हैं। जो सांगानेर खुली जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे।

दण्डित बंदी सद्दाम और मोहन लाल रोल कॉल के समय मौजूद नहीं मिले। दोनों कैदियों को उनके आवास और आस-पास तलाश किया,। लेकिन वह गायब मिले। उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ मिला। दण्डित बंदी के फरार होने की सूचना जेल अफसरों को दी गई।

गौवंश की तस्करी के मामला

हिंदूवादी संगठनों ने की दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। प्रदेश में गौवंश की तस्करी के मामले बढ़ने पर हिंदूवादी संगठनों ने चिंता जताते हुए इस पर रोक की मांग उठाई है। अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने गुरुवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजस्थान में गौवंश की तस्करी निरंतर जारी है। अब तो खुले आम पुलिस प्रशासन की मिलीभगत भी सामने आ चुकी है। इससे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति कुछ नहीं हो सकती। लगातार हो रही गौतस्करी से गौभक्तों, राष्ट्रभक्तों और सनातनियों को भारी चिंता है। दो दिन पूर्व ही नागौर से 70 ट्रकों में करीब चार सौ गौवंश को प्रशासन द्वारा एक्सकोर्ट कर दूसरे राज्यों में ले जाया जा रहा था। प्रदेश में हटवाड़े लगाकर गोवंश को बेचा जा रहा है। जबकि गौवंश के हटवाड़े पर सरकार की रोक है। किसान का सेवा के लिए गौवंश को खरीदना समझने में आता है। लेकिन ज्यादातर गौवंश को तस्कर ही खरीद रहे हैं। वे गायों को मार कर मांस का निर्यात करने के उद्देश्य से ऐसा करते हैं। यह बहुत ही चिंतनीय विषय है। नागौर में गोवंश के हटवाड़े पर 2015 से प्रतिबंध है, लेकिन आज भी गायों की बड़ी संख्या में खरीद फरोख्त होती है। नागौर मेले से 70 गाड़ियां निकली थी। आगे पुलिस उन्हें एक्कॉर्ट करती हुई चल रही थी। करीब 52 गाड़ियों को गौसेवकों ने पीछा कर रोका। उनमें करीब 400 गोवंश था। गौभक्तों ने प्रशासन और ट्रक के ड्राइवरों इस बाबत पूछा तो कोई भी जवाब देने की स्थिति में नहीं था कि गौवंश को कहां ले जाया जा रहा था। एक ट्रक में 6 से ज्यादा गोवंश नहीं हो सकता, लेकिन 10 से 12 गोवंश ठूंस ठूंस कर भरा हुआ था।

'एक राजकुमार, एक आम कुमारी और एक अनपेक्षित प्रेम कहानी'

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। नेटफ्लिक्स और प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस पहिली बार साथ आ रहे हैं, एक ऐसी रॉयल रोम कॉम लेकर जो प्यार, जुनून और दमदार ड्रामा से भरपूर है। शाही हुकुमद्वारा, मोरपुर के राजसिंहासन के ढहते झूमरों के नीचे से जारी किया गया फरमान... 'द रॉयल्स' 9 मई को केवल नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा। किसी ज़माने में, रंगीन शहर मोरपुर में एक शाही परिवार रहता था, जिनके पास खुद की कोई दौलत नहीं थी। फिर आई उनके बीचएक तेज-तर्रार लड़की, जो एक बिल्कुल अलग दुनिया से ताल्लुक रखती है। उसका एक ही मकसद होता है-शाही जिंदगी को संवारना। लेकिन मोरपुर पैलेस के 'गरीब राजकुमार' को संभालना, उतना आसान नहीं जितना लगता है। जब राजकुमार की चमचमाती दुनिया और आम कुमारी की जद्दि और हौसले से टकराती है, चिंगारियाँ उड़ती हैं, अहम टकराते हैं, और एक अनोखी प्रेम कहानी जन्म लेती है। निर्माता रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने कहा, 'द रॉयल्स' के साथ हमने एक ऐसी प्रेम कहानी रची है जो महलों और भारतीय रॉयल्टी के पुराने आकर्षण को आज की आधुनिक सच्चाई से जोड़ती है-जहां प्यार आसान नहीं है।

सुन्नी दावते इस्लामी हज यात्रियों को करेगी प्रशिक्षित

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की ओर से हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षित हज ट्रेनर्स नि:शुल्क सेवाएं देंगे। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए आयोजित इस शिविर में इस्लामी विद्वान एवं हज ट्रेनर्स सभी आवश्यक जानकारी से व्यवहारिक तौर पर अवगत कराएंगे। इसी के हज गाइड पुस्तक सभी हज यात्रियों को दी जाएगी। पहाड़गंज स्थित हिरा इंग्लिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 19 अप्रैल को सुबह 9 से 1 बजे तक आयोजित इस शिविर में प्रशिक्षक मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी हज यात्रियों को हज के दौरान अदा किए जाने वाले अरकानों के बारे में विस्तार से बताएंगे। शिविर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती में आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के औलामा शामिल होंगे।

विद्यास्थली पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। महारानी फार्म, दुर्गापुरा स्थित विद्यास्थली पब्लिक स्कूल, जयपुर में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव में विद्यालय के करीब 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय का शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ इस वार्षिकोत्सव को लेकर बहुत ही उत्साहित था। विद्यालय के सभी जगह विभिन्न वेशभूषा कार्यक्रमानुसार पहने विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था जो कि उनके हावभाव से प्रतीत हो रही थी।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि प्रो. वासुदेव देवनानी, अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा, विशिष्ट अतिथि पुनीत कर्नावत, उपमहापौर, जयपुर नगर निगम (ग्रेटर) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय के संस्थापक कुपलति प्रो. बी.एल. वर्मा ने की। इस वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य सीनियर कक्षाओं की छात्राओं द्वारा किया गया। कक्षा नर्सरी के.जी. के बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें वो बहुत ही मासूमियत से नृत्य प्रस्तुत करते दिखे एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। महिला सशक्तिकरण पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बहुत ही सराहनीय प्रस्तुति दी गई।

सिन्धु दर्शन उत्सव का पंजीयन 30 अप्रैल तक

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। भारतीय सिंधु सभा की ओर से सिंधु दर्शन यात्रा 2025 का आयोजन आगामी 5 से 8 जून को लेह लद्दाख में किया जाएगा जिसका पंजीयन 30 अप्रैल तक किया जा रहा है। भारतीय सिंधु सभा की जिला इकाइयों पर पंजीयन कराए जा सकते हैं। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वाधवाणी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष भगतराम छाबड़िया के नेतृत्व में ऑनलाइन बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में तीर्थ यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक सुरेन्द्र लछवाणी, राष्ट्रीय महामंत्री राजेश वाधवाणी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र तीर्थाणी, राजस्थान प्रभारी मुकेश लखवाणी सहित अन्य प्रदेशों के पदाधिकारी व यात्रा समिति पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश प्रभारी मूलचंद बसंताणी ने बताया कि 5 से 8 जून तक लेह में सिंधु नदी के घाट पर सिंधी संस्कृति और लद्दाखी संस्कृति के सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। ज्ञातव्य है कि लेह में सिंधु भवन बना हुआ है जहां यह कार्यक्रम आयोजित होता है। इस समारोह में देश भर से सन्त ,महात्मा व संगठन के पदाधिकारियों सहित आम जन सम्मिलित होंगे।

डीपीटीएल सीजन-5 का राठौड़ ने किया शुभारंभ

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। लीग पैट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया कि लीग का शुभारम्भ राजस्थान के खेल मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रियंका हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ जीएल शर्मा ने की। जय क्लब के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता जय क्लब के सचिव मनोज दासोत गेस्ट ऑफ ऑनर थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रियंका हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ पीयूष जोशी, डॉ आशा शर्मा व जय क्लब के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी संजय अजमेरा थे। लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 16 सीनियर व 5 जूनियर टीम भाग ले रही है जिसमें राजस्थान, अन्य राज्य व विदेश से खिलाड़ी भाग ले रहे है। लीग आयोजन सचिव डॉ अनिल यादव ने बताया कि मुख्य अतिथि खेल मंत्री राठौड़ ने अपने उद्बोधन में चिकित्सकों की इस तरह कि प्रतियोगिताओं की आवश्कता बताई व इस प्रतियोगिता के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि हारने से डरना या परेशान नहीं होना होता है बल्कि सीखना व बेहतर प्रयास करना होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ व डॉ जी एल शर्मा ने डॉ जयंत सेन व डॉ सुधांशु शर्मा के साथ एक फ्रेंडली डबल्स मैच खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

लीग को चेयरमैन डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि आज के उदघाटन सत्र में हुए मैचेज में आल इंडिया ओपन सिंगल्स 25-40 आयु वर्ग में डॉ हरमीत ने डॉ कृष्णामूर्ति को 13-5 से ,डॉ सुनील शर्मा ने डॉ सतीश को 13-8 से ,डॉ संदीप खड्डा ने डॉ सुनील जितरवाल को 13-3 से व डॉ रुचिर एरन ने डॉ आर के कजला को 13-10 से हराया। 40-50 आयु वर्ग में डॉ रजत मलोत ने डॉ निखिल को 14-12 से व डॉ रवि सभरवाल ने डॉ संकल्प भारतीय को 13-9 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि आल इंडिया ओपन डबल्स में 25-40 आयु वर्ग में डॉ हरनीत -डॉ निखिल ने डॉ शुभम् -डॉ कृष्णामूर्ति को 6-1 से हराया। दबंग डबल्स में डॉ नरेंद्र -डॉ रमेश ने डॉ संजय -डॉ कृष्णामूर्ति को 6-3 से व डॉ आई डी वेंकटेश ने डॉ नरेंद्र -डॉ रमेश को 6-4 से हराया।

दो मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। शहर में लगातार बढ़ रही मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं पर नकेल कसते हुए जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) और लाल कोठी थाना पुलिस संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो शातिर मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के दस स्मार्ट मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामद मोबाइल्स की बाजार कीमत लगभग 3.50 लाख बताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी और लालकोठी थाना पुलिस संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू अब्बासी निवासी कोलियों की कोठी रामगंज और शफी अहमद निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी भीड़-भाड़ वाले इलाकों, विशेषकर बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर मौका पाकर जेब से मोबाइल फोन चुराते थे। चौंकाने वाली बात यह है कि दोनों युवक स्मैक के नशे के आदी हैं और अपनी नशे की लत पूरी करने के लिए लगातार ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वारदात में उपयोग में ली बाइक भी आरोपियों के कब्जे से जब्त कर ली गई है। पुलिस पूछताछ में कई और खुलासे होने की संभावना है। मोबाइल चोरी कर उसे जल्द बेचने की फिराक में घूम रहे इन दोनों को पकड़कर पुलिस ने शहर में बढ़ती स्नैचिंग घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है।

हीटवेव को देखते हुए दवाओं की हों उपलब्धता : नेहा गिरि

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने जिला एवं मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृह के समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में हीटवेव की संभावित स्थितियों को देखते हुए आवश्यक औषधियों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। दवाओं की मांग एवं आपूर्ति में किसी भी प्रकार का गेप नहीं रहे। चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता हो। गिरि ने गुरुवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में निर्देश दिए कि औषधियों की आपूर्ति हेतु मांग, आवश्यकता एवं फीडबैक का गहन परीक्षण कर अनुमोदित आपूर्तिकर्ता फर्मों को क्रय आदेश जारी किये जाने एवं शीघ्र आपूर्ति हेतु संबंधित फर्मों से समन्वय किया जाए। समस्त प्रभारी अधिकारी फीडबैक मात्रा का परीक्षण कर ही क्रय आदेश मात्रा भिजवायें, जिससे औषधियों की कमी एवं अधिकता की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

अनियमितता पर डूंगरपुर जिला औषधि भण्डार के प्रभारी अधिकारी को नोटिस : प्रबंध निदेशक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक मांग में अनियमितता पाये जाने के कारण प्रभारी अधिकारी, जिला औषधि भण्डार गृह, डूंगरपुर एवं संबंधित चिकित्सा संस्थाना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भण्डार गृहों में शत-प्रतिशत औषधियां उपलब्ध करवा कर रोगियों को राहत पहुंचाई जाए।

गांजा तस्करी में दो बदमाशों को पकड़ा

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस और डीएसटी (उत्तर) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए जयपुर-दिल्ली हाईवे पर गांजा तस्करी में दो बदमाशों को पकड़ा है। कार में डिलीवरी लेकर आए दोनों बदमाशों को नाकाबंदी के समय पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5.740 किलोग्राम गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त किया है।

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस और डीएसटी (उत्तर) ने कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में आरोपी शंकर लाल (36) निवासी दांतारामगढ़ सीकर हाल कोटपूतली और रोशन रैगर (32) निवासी जगदीश नगर मनोहरपुर को गिरफ्तार किया गया।

टॉपर स्टूडेंट महेश नगर में हथियारों के साथ गिरफ्तार

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। जयपुर जिला दक्षिण में अवैध हथियारों के खिलाफ चल रही ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत महेश नगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक युवक को अवैध देशी पिस्टल, कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक चौपहिया वाहन सहित गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़ा गया युवक शैक्षणिक रूप से मेधावी है और हाल ही में रीट की परीक्षा भी पास कर चुका है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि जयपुर दक्षिण जिले में अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों और अपराधियों की धरपकड़ को लेकर सभी थानों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। महेश नगर थाना प्रभारी गुंजन सोनी के नेतृत्व में गठित टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। महेश नगर थाने के कांस्टेबल श्याम सिंह को सूचना मिली कि त्रिवेणी पुलिया के नीचे एक सफेद रंग की फ्रॉन्क्स कार में एक युवक अवैध हथियारों के साथ मौजूद है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक श्रीचंद के नेतृत्व में टीम ने कार सवार युवक राज डागुर (20), निवासी गांव हतीजर हलैना भरतपुर को गिरफ्तार किया।

आम सूचना

RJ14VC3692 Vamo Car जो कि मेरी बराबरी श्रीमती अनीता देवी (अनीता देवी) के नाम पंजीकृत है। मेरी बराबरी श्रीमती अनीता देवी (अनीता देवी) का स्थायित्व दिनांक 31.03.2025 को हो जाने के कारण RJ14VC3692 Vamo Car मैं अपने प्रथम विवाह के साथ रहता था तो किसी भी प्रकार की समस्या हो तो दिनांक में किसी परिवहन अधिकारी (N.T.) अथवा RTO जयपुर को सूचित करें।

राजस्थान पुलिस दिवस : संभाग स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

राजस्थान पुलिस दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर की विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला मे जयपुर पुलिस की ओर से कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। इस के लिए महानिदेशक पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध मे दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभय कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पुलिस आयुक्तालय जयपुर रणवीर सिंह एवं सहायतार्थ नियोजित टीम के निकटतम पर्यवेक्षण में क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिसके प्रथम चरण में आयुक्तालय जयपुर के जिला-पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100 स्कूलों के 663 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। प्रत्येक जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को क्रमश: 2000 रुपये, 1500 रुपये एवं 1000 रुपये के एवं 5 सांत्वना पुरस्कार -प्रशस्ति-पत्र दिये गये।

जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संभागीय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया। संभाग स्तरीय क्विज प्रतियोगिता को महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, आदर्श नगर जयपुर में शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित की गई।

कार्यालय नगर परिषद फतेहपुर शेखावाटी-सीकर

क्रमांक-न.प.फ./2025-26/2122 दिनांक - 10.04.2025

ई - निविदा सूचना

नगर परिषद फतेहपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण दिनांक 11.04.2025 से 21.04.2025 तक वेबसाईट www.spgp.rajasthan.gov.in or https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

क्रम	TENDER I.D/NO.	निविदा भरने की प्रारंभिक दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक
1	[illegible]	22.04.2025	23.04.2025

[illegible] / नी / 26 / [illegible]

आयुक्त
नगर परिषद फतेहपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड खेतड़ी
(ई-मेल xenphed.khetri@gmail.com)

क्रमांक : एफ. /निविदा/2025-26/127-137 दिनांक : 09.04.2025

-:: ई-निविदा सूचना : 3-7/2025-26 ::-

राजस्थान के राजस्थान गजट की धारा के तहत सार्वजनिक अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड के अधीन कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से [illegible] ई-निविदा में 3-7/2025-26 आमंत्रित की जाती है जिनकी लागत की राशि क्रमशः 38.77, 31.62, 27.90, 87.52 एवं 24.26 लाख है। निविदा दिनांक 11.04.2025 से 21.04.2025 तक वेबसाईट पर डाउनलोड कर 3.04.2025 तक अपलोड की जा सकती है। [illegible] दिनांक 22.04.2025 को [illegible] http://sppgrajasthan.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र [illegible] ई-टेण्डरिंग [illegible] निविदा प्रपत्र ई-टेण्डरिंग [illegible] निविदा प्रपत्र [illegible] ई-निविदा के साथ लगे हुए शेष प्रपत्र http://sppgrajasthan.gov.in पर डाउनलोड कर जमा करना है। [illegible]

NIC-[illegible]-PH-2526/0365

क्रम	निविदा संख्या	पूर्वावलोकन नं.
1	03/2025-26	PHE2526WSO0102940
2	04/2025-26	PHE2526WSO0102941
3	05/2025-26	PHE2526WSO0102942
4	06/2025-26	PHE2526WSO0102943
5	07/2025-26	PHE2526WSO0102944

DIP-R.L.25227/2025

(सुनील कुमार)
अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड खेतड़ी